हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–233 : जौनपुर, गुरुवार 23 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## गाय कुछ लोगों के लिए गुनाह हमारे लिए माता : उनके सिलेबस में सिर्फ माफियावाद

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को वाराणसी दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने पिंडरा के करखियांव में अमूल प्लांट की आधारशिला रखने के साथ ही 2100 करोड़ रुपये की 27 परियोजनाएं अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को समर्पित की। उन्होंने जनसभा में विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। गाय–भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के 8 करोड़ परिवारों की आजीविका ऐसे ही पशुधन से चलती है। पीएम मोदी ने कहा कि आज वाराणसी और आसपास का पूरा क्षेत्र फिर से पूरे देश और उत्तर प्रदेश के गांवों, किसानों, पशुपालकों के लिए बहुत बड़े कार्यक्रम का साक्षी बना है। हमारे यहां गाय की बात करना कुछ लोगों ने गुनाह बना दिया है। उन्होंने कहा कि गाय कुछ लोगों के लिए गुनाह हो सकती है, लेकिन हमारे लिए गाय माता है, पूजनीय है। गाय–भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के 8 करोड़ परिवारों की आजीविका ऐसे ही पशुधन से चलती है। गेहूं और चावल से ज्यादा दूध का उत्पादन। आज भारत हर साल लगभग साढ़े 8 लाख करोड़ रुपये का दूध उत्पादन करता है। ये राशि जितना भारत में गेहूं और चावल का उत्पादन होता है, उसकी कीमत से भी कहीं ज्यादा है। भारत के डेयरी सेक्टर को मजबूत करना आज हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी कड़ी में आज यहां बनास काशी संकुल का शिलान्यास किया गया है। 6–7 वर्षों में दूध उत्पादन लगभग 45 फीसदी बढ़ा। पीएम ने कहा कि हमारे यहां कहा जाता था कि किसके दरवाजे पर कितने खूंटे हैं, इसे लेकर स्पर्धा रहती थी। लेकिन बहुत लंबे समय तक इस सेक्टर को जो समर्थन मिलना चाहिए था, वो पहले की सरकारों में नहीं मिला। हमारी सरकार देशभर में इस स्थिति को बदल रही है। 6–7 वर्ष पहले की तुलना में देश में दूध उत्पादन लगभग 45 फीसदी बढ़ा है। आज भारत दुनिया का लगभग 22 फीसदी दूध उत्पादन करता है। मुझे खुशी है कि यूपी आज देश का सबसे अधिक दूध उत्पादक राज्य तो है ही, डेयरी सेक्टर के विस्तार में भी बहुत आगे है। ईमानदारी और शक्ति से काम कर रही डबल इंजन की सरकार डबल इंजन की हमारी सरकार पूरी ईमानदारी और शक्ति से किसानों और पशुपालकों का साथ दे रही है। आज यहां जो बनास काशी संकुल का शिलान्यास किया गया है, वो भी सरकार और सहकार की इसी भागीदारी का प्रमाण है। आज देश की सबसे बड़ी जरूरत डेयरी सेक्टर से निकलने वाले पशुओं के अपशिष्ट को सही इस्तेमाल करने की भी है। रामनगर के दूध प्लांट के पास बायोगैस से बिजली बनाने वाले प्लांट का निर्माण ऐसा ही एक बहुत बड़ा प्रयास है। एक समय था, जब भारत में प्राकृतिक खेती होती थी। जो खेत से मिल रहा है, खेती में



जुड़े पशुओं से मिल रहा है, वही तत्व खेती को बढ़ाने के काम आते थे। लेकिन समय के साथ प्राकृतिक खेती का दायरा सिमटता गया। धरती मां के कायाकल्प के लिए प्राकृतिक खेती की ओर मुड़ना होगा धरती मां के कायाकल्प के लिए, हमारी मिट्टी की सुरक्षा के लिए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमें एक बार फिर प्राकृतिक खेती की तरफ मुड़ना ही होगा। सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए, किसानों को जागरूक करने के लिए बहुत बड़ा अभियान भी चला रही है। पीएम मोदी ने कहा– मैं मेरे किसान भाइयों–बहनों, विशेषकर छोटे किसानों से आज किसान दिवस पर आग्रह करूंगा कि आप प्राकृतिक खेती की तरफ आगे बढ़ें। गांवों को, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, उन्हें अवैध कब्जे से चिंता मुक्त करने में स्वामित्व योजना की बहुत बड़ी भूमिका है। यूपी के 75 जिलों में 23 लाख से अधिक घरौनी तैयार हो चुकी हैं। इसमें से करीब 21 लाख परिवारों को आज ये दस्तावेज दिए गए हैं। पुरातन पहचान को बनाए रखते हुए हमारे शहर नूतन काया कैसे धारण कर सकते हैं, ये काशी में दिख रहा है। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकापर्ण हुआ है, वो 'भव्य काशी–दिव्य काशी' अभियान को और गति देंगे। मैं जब काशी के, यूपी के विकास में, डबल इंजन की डबल शक्ति की बात करता हूं तो कुछ लोगों को कष्ट ज्यादा ही हो जाता है। ये वो लोग हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश को सिर्फ जाति, मजहब, पंथ, के चश्मे से ही देखा।

## मुठभेड़ में पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे बदमाशों के पैर में लगी गोली : गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट रोड के शेरपुर पारा मोड़ पर बुधवार की रात करीब 12 बजे पुलिस और स्वाट टीम ने मुठभेड़ में फायरिंग कर भाग रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान मोटर साइकिल सवार अभियुक्तों में ओमप्रकाश बरवार पुत्र निबरे निवासी बलदु का पुरवा मजरे बनगई थाना धानेपुर जनपद गोंडा के दोनों पैर में गोली लगी है जबकि दूसरे अभियुक्त रामबक्श बरवार पुत्र बलेसर निवासी दुल्हापुर बनकट थाना धानेपुर जनपद गोंडा के बाएं पैर में गोली लगी है। इस दौरान दो अभियुक्त बाबादीन पुत्र जगदम्बा निवासी दुल्हापुर बनकट थाना धानेपुर जनपद गोंडा व रवि पुत्र रामू निवासी बलदु का पुरवा थाना धानेपुर जनपद गोंडा अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भागने में सफल हो गए। अभियुक्तों के पास से दो 315 बोर तमंचा, चार खोखा कारतूस व तीन जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक डिस्कवर मोटर साइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तगण बरामद मोटरसाइकिल से अपने फरारशुदा साथियों के साथ सुल्तानपुर से अयोध्या की तरफ आ रहे थे। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग संदिग्ध होने के कारण थाना बीकापुर अंतर्गत खजुरहट चौराहे के पास रोकने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की और बीकापुर रोड की तरफ भागने लगे। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करते हुए शेरपुर पारा



मोड़ के पास आत्मसमर्पण हेतु कहा गया लेकिन अभियुक्तगण पुलिस टीम पर फायरिंग करते रहे। बताया कि पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कोतवाली बीकापुर व महराजगंज से हुई लूट के मामलों में पुलिस को तलाश थी। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों द्वारा जनपद प्रयागराज, प्रतापगढ़, बहराइच व चित्रकूट जनपद में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। पूर्व में भी जनपद गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, चित्रकूट, देवरिया व प्रयागराज में जेल जा चुके है।

## वाइस चांसलर के खिलाफ डीडीयू प्रोफेसर का सत्याग्रह : हेलीपैड पर लगाई क्लास : छात्रों ने पढ़ी जयशंकर प्रसाद की कामायनी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के निलंबित आचार्य प्रो. कमलेश कुमार गुप्त की क्लास बुधवार को सुबह 10 से 11 बजे तक विश्वविद्यालय के हेलीपैड पर चली। इस क्लास में बीए प्रथम वर्ष के कुल 29 छात्रों ने जयशंकर प्रसाद की कामायनी का आशा सर्ग पाठ की पढ़ाई की। प्रो,कमलेश गुप्त ने पूर्व निधारित समय के अनुसार दीक्षा भवन के सामने स्थित हेलीपैड पर ठीक 10 बजे क्लास शुरू कर दी। उनकी क्लास में मौजूद सभी छात्र भी समय से पहुंच गए थे। क्लास के दौरान प्रो. कमलेश और सभी बच्चे हेलीपैड पर ही फर्श पर बैठे थे। प्रो,क्लास लेने के बाद अवध नगरी संवाददाता से बातचीत में प्रो. कमलेश गुप्त ने बताया कि दोपहर 2 से 3 बजे तक उनका सत्याग्रह प्रशासनिक भवन स्थित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष चलेगा। निलंबित होने के बावजूद क्लास लेने की जरूरत की बाबत पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के रूप में मेरा धर्म बनता है कि इन छात्रों की पढ़ाई जारी रहे। पढ़ाने का मतलब व्यक्तित्व निर्माण भी होता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में बच्चे काम करना सीख जाएंगे तो इनका और देश का भविष्य अच्छा होगा। यह है पूरा मामला। डीडीयू के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो. कमलेश गुप्त ने कुलपति प्रो. राजेश सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए राजभवन से शिकायत की थी। उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने शपथ पत्र और साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे। राजभवन सचिवालय से इस शिकायत की जांच कुलपति को ही सौंप दी गई। इसे देखते हुए प्रो. कमलेश ने कहा था कि एक सप्ताह के अंदर कुलपति को नहीं हटाया गया तो वे सत्याग्रह करेंगे। इसी क्रम में उन्होंने 21 दिसम्बर से सत्याग्रह शुरू किया है। सत्याग्रह के दिन ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें अलग–अलग आरोपों में निलंबित कर दिया था। प्रो. कमलेश के समर्थन में उनके सत्याग्रह में शामिल होने पहुंचे 7 प्रोफेसरों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## किसान दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के अगुवाई में नगर मे स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सपा कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के 119 वाँ जन्म दिवस समारोह का आयोजन कर "किसान दिवस" के रूप में मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा 1929 में चौधरी चरण सिंह ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवेश किया सर्वप्रथम इन्होंने गाजियाबाद में कांग्रेस का गठन किया 1930 में गांधी जी द्वारा चलाए गए सविनय अवज्ञा आंदोलन में नमक कानून तोड़ने का आह्वान किया चरण सिंह ने गाजियाबाद की सीमा पर आने वाली हिंडन नदी पर नमक बनाया था एवं दांडी मार्च में भी भाग लिया इस बार इन्हें 6 माह के लिए जेल भी जाना पड़ा इसके बाद इन्होंने महात्मा गांधी जी की छाया में खुद को स्वतंत्रता की आधी का हिस्सा बनाया अपने संघर्षों से इनकी पहचान बढ़ती गई और राजनीतिक क्षेत्र में मोरारजी देसाई जी के कार्यकाल में चरण सिंह उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रहे इसी शासन में चरण सिंह मोरारजी देसाई के बीच मतभेद बढ़ गए इसके बाद चरण सिंह ने बगावत कर दी वह जनता दल पार्टी छोड़ दी कांग्रेश और दूसरी पार्टी के समर्थन से चौधरी चरण सिंह 22 जुलाई 1979 को प्रधानमंत्री का पद संभाला उसके बाद उन्होंने किसानों के लिए जो जो फैसले लिए आज भी उसका किसान लाभ पा रहा है इसलिए उनको किसान



नेता के रूप में देखा जाता है आज वर्तमान की सरकार जिस तरह किसानों पर अत्याचार कर रही है आज उनके जन्मदिन के अवसर पर हम लोग संकल्प लें कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बना कर किसानों का सम्मान पुनः वापिस कराया जाए समारोह का संन्चालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अरशद खाँ,जगदीश नरायन राय,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या विवेक रंजन यादव,दीपचंद राम,प्रदीप यादव, अनवारुल हक,साजिद अलीम,अमित यादव, जेपी यादव,इर्शाद मंशुरी,शेखू खाँ,ऋषि यादव मनोज मौर्या, कमालुद्दीन अंसारी,अरशद , आसिफ शाह,मालती निषाद,सोनी यादव उषा यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा नें दी प्रज्वलित कर किसान सम्मान दिवस का किया शुभारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भूतपूर्व प्रधानमंत्री मा. स्व चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की । इस अवसर पर फसलों व पशुपालन आदि के पैदावार में अच्छा कार्य करने वाले 32 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा किसान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोकन कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में किसान मौजूद रहें जिन्हे विभाग के तरफ से जागरूक किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि किसान वैज्ञानिक खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त कर अपनी आय दोगुनी कर सकते है। उन्होंने कहा कि किसानों को सम्मानित करने का उददेश्य है कि अन्य किसान भी इन किसानों से प्रेरणा लें। कृषि के क्षेत्र में महिलाए उल्लेखनीय कार्य कर रही है अन्य महिलाओं से भी अपील किया कि वे आगे आये एवं वैज्ञानिक तकनीकिी से खेती करते हुए आजीविका में वृद्वि करें। उन्हाने अपील किया कि किसान मृदा परीक्षण अवश्य कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की आय दोगुनी करने में सभी प्रकार से सहयोग कर



कर रहा है किसानों को समय से खाद उपलब्ध हो, उनकी फसलों को समय से खरीदा जाए तथा सिचाई के लिए नहरों में पानी रहे इसके लिए प्राथमिकता पर कार्य किया जा रहा है। उन्हाने निर्देश दिया कि जनपद में काले गेंहु की खेती को बढावा दिया जाये। कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कनौजिया के द्वारा विस्तार से किसानों को तकनीकी कृषि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डा. रमेशचन्द्र यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपकृषि निदेशक जयप्रकाश, वैज्ञानिक डा. सुरेन्द्र सोनकर, जिला उद्यान अधिकारी हरिशंकर, जिला कृषि अधिकारी के.के सिंहत, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह राना, शरद पटेल , मुकेश कनौजिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## विद्युत विभाग को पांच लाख रुपया हर्जाना देने का आदेश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन गिरजेश कुमार पांडेय एवं सदस्य अनीता अग्रवाल ने बिजली निगम की लापरवाही से खेत में टूटकर गिरे तार से की चपेट में आने से हुई मौत पर 5 लाख रुपये 7 प्रतिशत ब्याज के साथ पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है। पिपराइच थाना क्षेत्र ग्राम लहुरादेउर निवासी 54 वर्षीय कोदई चौधरी की 13 अक्टूबर 2015 को शाम करंट लगने से मौत हो गई थी। उपभोक्ता शांति देवी ने लोक अदालत में दाखिल किए गए परिवाद में कहा था कि उनके पति कोदई चौधरी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद उनका परिवार अनाथ हो गया। शांति देवी और उनके दो बेटों ने बिजली निगम से क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की। विपक्षी सहायक निदेशक गोरखपुर जोन विद्युत सुरक्षा निदेशालय ने जांच के बाद न्यायालय में दाखिल जवाबदेही में यह स्वीकार किया कि बिजली निगम की ओर से लापरवाही बरती गई जिससे कोदई चौधरी की मृत्यु हुई। इसके बाद लोक अदालत ने बिजली निगम को आदेश दिया कि पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये हर्जाना दें।

### ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति का मालिकाना हक के अभिलेख मुहैया कराने हेतु स्वामित्व योजना संचालित



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति के मालिकाना हक के अभिलेख मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार का पंचायती राज मंत्रालय स्वामित्व योजना संचालित कर रहा है। योजना के तहत गांवों के आबादी क्षेत्र का ड्रोन के जरिये हवाई सर्वेक्षण कराकर उसके आधार पर तैयार किये गए ग्रामीण आवासीय अभिलेख लोगों को दिए जा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा ऑनलाइन घरौनी के वितरण किया गया। जनपद के एनआईसी में 15 लोगों को अपर जिलाधिकारी भू राजस्व रजनीश राय एवं उपजिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल के द्वारा घरौनी का वितरण किया गया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा संपन्न

जौनपुर सू.वि. : मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की गई। निर्वाचन से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर बैठक में दिशा निर्देश दिए। निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद प्राप्त आवेदन का वोटर कार्ड वितरण हेतु लिफाफे, वोटर गाइड आदि सामाग्री समय से प्रिंट कराकर समय से वितरण कराये। सभी फार्मो की फीडिंग के लिए निर्देश



दिया गया। मतदेय स्थलों पर एएमएफ वेबकास्टिंग के लिए जगह चिन्हित करते हुए व्यवस्थाएं पूर्ण करे। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव पाठशाला, निर्वाचन साक्षरता क्लब, मतदाता जागरूकता फोरम आदि के माध्यम से निरन्तर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए जाये। एलईडी वैन के माध्यम से सभी मतदान स्थलों व सभी क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जाय तथा ईवीएम वीवीपैड की प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाय। ईवीएम की तैयारी एंव ट्रेनिंग समय से करा ली जाए। जहां रैलियां व जनसभा होनी है उसके लिए हाल व मैदान चिन्हित हो जाय, उसकी सूचना आयोग को भेजें। स्थान चिन्हित करण में कोविड प्रोटोकाल का विशेष ध्यान दिया जाए। कोविड–19 के संक्रमण को देखते हुए सभी प्रकार की तैयारियों कर ली जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता करें तथा सोशल मीडिया की निगरानी भी कराते रहे। इस अवसर पर सीआरओ, उपजिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सै. मो. मुस्तफा, ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चंद्र यादव कोविड सहायक प्रभारी डा आनन्द आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

दुनिया में छोड़ने जैसा कुछ है तो, दुसरों को नीचे दिखाना छोड़ दो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विडंबना : केरल में हिंसा की राजनीति के पीछे कौन

केरल में एक दर्दनाक घटना में, एसडीपीआई के राज्य सचिव केएस शान की अलापुझा में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। गौरतलब है कि एसडीपीआई नेता की हत्या मुख्यमंत्री विजयन के नेतृत्व वाले राज्य में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन सहित 10 घंटे के भीतर दो राजनीतिक हत्याओं के बाद सामने आई है।

केरल को 'देवताओं का अपना देश' कहा जाता है, लेकिन पश्चिम बंगाल उससे अलग है। हाल ही में यूनेस्को ने प. बंगाल की दुर्गा पूजा को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत का दर्जा दिया है। लेकिन इन दोनों राज्यों में एक बात समान है, वह है राजनीतिक हत्या। इसका सबसे ज्यादा नुकसान आरएसएस को हुआ है, जो हिंदुत्व का प्रचार करता है। इसी तरह वामपंथ की जड़ें इन दोनों राज्यों में गहरी हैं।

एक दशक पहले तक, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के शासन में आने से पहले मार्क्सवाद चरम पर था। लेकिन अब वह राज्य में निचले स्तर पर है। लेकिन केरल और पश्चिम बंगाल, दोनों राज्यों में पिछले कुछ दशकों में हजारों आरएसएस कार्यकर्ता मारे गए। केरल में साक्षरता दर सौ फीसदी है। केरल और बंगाल के लोगों की संस्कृति से राजनीति जुड़ी हुई है। तीन दशक से केरल के लोग रोजी–रोटी के लिए खाड़ी के देशों में जाते रहे हैं।

दूसरी ओर स्वतंत्रता संघर्ष में बंगालियों की भागीदारी प्रशंसनीय रही है। पिछले कुछ दिनों में केरल में कई आरएसएस कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है। जवाबी कार्रवाई में एसडीपीआई (द सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) कार्यकर्ताओं को भी दक्षिणपंथी समर्थकों द्वारा निशाना बनाया जाता रहा है। केरल की सरकार चुप बैठी हुई है। चाहे कानून–व्यवस्था का मामला हो, या बारिश का प्रकोप या पुनर्वास का प्रबंध–राज्य सरकार शासन करने में अक्षम साबित हुई है।

राज्य की तीन प्रमुख पार्टियां बंटी हुई हैं। माकपा दो या तीन खेमों में बंटी है। कांग्रेस की स्थिति बहुत बुरी है। भाजपा तो सर्कस की तरह है, जिसमें लोग आते–जाते रहते हैं। लेकिन कट्टर हिंदू आरएसएस से जुड़े हुए हैं। केरल भाजपा नेता रणजीत श्रीनिवासन की अलापुझा में हत्या हुई। उसके कुछ ही घंटे बाद एसडीपीआई के नेता की हत्या की खबर सामने आई। श्रीनिवासन ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव और भाजपा राज्य समिति के सदस्य थे।

हमलावरों ने उनके घर में घुसकर उनकी हत्या की। 40 वर्षीय श्रीनिवासन अलापुझा निर्वाचन क्षेत्र से 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार थे। वह पेशे से वकील थे। स्वाभाविक रूप से एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर लोगों में काफी रोष था। इस हत्या पर टिप्पणी करते हुए पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के भाजपा के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा ने पिछले 60 दिनों में तीन नेताओं को खो दिया है।

उन्होंने यह कहते हुए केरल के मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की कि केरल सांविधानिक विघटन का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'यह निंदनीय है। मैंने केरल में माकपा के अत्याचारों के खिलाफ लगातार आवाज उठाई है। केरल में पिछले कुछ वर्षों में 260 से ज्यादा लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। पिछले 60 दिनों में भाजपा ने तीन नेताओं को खोया है। आज दुस्साहस देखिए... एक राज्य स्तरीय नेता के घर में घुसकर उनकी हत्या कर दी।

केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं का जीवन सुरक्षित नहीं है, मैं केरल के मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने और इसे हत्या का मैदान न बनाने का अनुरोध करूंगा। नई पार्टी को सत्ता में आने दें और वहां के लोगों की रक्षा करें।' लेकिन सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या होती हो, ऐसा नहीं है। माकपा और एसडीपीआई कार्यकर्ता भी मारे जाते हैं। आखिर ऐसा प्रतिशोध क्यों? इसका उत्तर सरल है–केरल में जैसे को तैसा की राजनीति चल रही है।

केरल में एक दर्दनाक घटना में, एसडीपीआई के राज्य सचिव केएस शान की अलापुझा में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। गौरतलब है कि एसडीपीआई नेता की हत्या मुख्यमंत्री विजयन के नेतृत्व वाले राज्य में भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन सहित 10 घंटे के भीतर दो राजनीतिक हत्याओं के बाद सामने आई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संभवतः जनवरी में राज्य के दौरे पर आने वाले हैं। भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ बैठक की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

वह भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्देश देंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी वरिष्ठ आरएसएस नेताओं की एक टीम को केरल में हुई हत्या का अध्ययन करने के लिए तैनात किया है और संभवतः वे इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे। नेताओं के बीच ट्विटर युद्ध भी तनाव पैदा कर रहा है। एसडीपीआई प्रमुख एम. के. फैजी ने ट्वीट किया, 'यह राज्य में सांप्रदायिक हिंसा पैदा करने और सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के लिए संघ परिवार के एजेंडे का हिस्सा है।

आरएसएस के आतंकवाद की निंदा करें। केरल पुलिस का उदासीन रवैया आरएसएस को बढ़ावा देता है।' वहीं हत्याओं की निंदा करते हुए केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने आरोप लगाया कि केरल में गुंडा राज व्याप्त था, जिसने राज्य को हत्या का मैदान बना दिया। किसी को इस बात पर आश्चर्य हो सकता है कि राजनीतिक हिंसा क्यों होनी चाहिए, जब आप हमेशा चुनाव लड़ और जीत सकते हैं तथा इस तरह अपने विरोधी पर वर्चस्व हासिल कर सकते हैं।

लेकिन केरल और प. बंगाल इसके अपवाद हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए माकपा, कांग्रेस, तृणमूल और भाजपा–सभी समान रूप से दोषी हैं। केरल में मुख्यतः माकपा और आरएसएस के बीच हिंसा होती है। जिस राज्य में कहा जाता है कि आरएसएस की सबसे ज्यादा शाखाएं हैं, वहां इस तरह की हिंसा से पता चलता है कि वे अपनी विचारधारा की ताकत को लेकर सुनिश्चित नहीं हैं।

इसी तरह माकपा, जो यह दावा करती है कि मार्क्सवाद ज्ञान का अंतिम शब्द है, भी अपनी वैचारिक शक्ति को लेकर सुनिश्चित नहीं है। उन दोनों को अपनी हताशा को समझने की जरूरत है और दोनों को अपने अनुयायियों से यह पूछने की जरूरत है कि हिंसा के इस चक्र को क्यों नहीं खत्म किया जा सकता। केरल के लोग तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, लेकिन इस मामले में बंगाली अस्थिर होते हैं। दोनों राज्यों को समझौता करना होगा।

आधुनिक युग में ऐसी राजनीतिक हत्याओं पर रोक लगनी चाहिए। जब भाजपा के पास लोकसभा में अपार बहुमत है, तो वह एसडीपीआई, पीएफआई और अन्य चरमपंथी संगठनों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा सकती है? केरल और पश्चिम बंगाल में हत्याएं रुकनी चाहिए। बेगुनाहों की जान की कुर्बानी नहीं देनी चाहिए। गंभीर मुद्दों को संवेदनशीलता से निपटाना चाहिए। देवताओं का अपना देश केरल संकट से जूझ रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# समूह की महिलाओं द्वारा जांच की मांग : सरस्वती स्वयं सहायता समूह गजाईकोल का मामला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सरस्वती स्वयं सहायता समूह गजाईकोल ब्रह्मपुर की अध्यक्ष पूनम देवी ने मुख्यमंत्री सहित आधा दर्जन अधिकारियों से समूह में हो रहे धांधली की शिकायत कर जांच की मांग की है। अध्यक्ष पूनम देवी ने अपने दिये गये पत्र में लिखा है कि प्रार्थीनी पूनम देवी ग्राम गजाईकोल पोस्ट बकसूडी की स्थाई निवासी है। प्रार्थीनी सरस्वती स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है तथा यह समूह फरवरी 2019 से अनवरत कार्य कर रहा है। इधर विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि विकास खंड ब्रह्मपुर के ऐडीओ आइएसबी छोटेलाल यादव व समूह के कुछ लोग आपसी मिलीभगत से समूह में फर्जी तरीके से छेड़छाड़ किया जा रहा है जो कि गलत है यहां तक कि गुलाब समूह की सदस्य संगीता देवी को इस समूह में जोड़ दिया गया है जो कि गलत है जबकि एक समूह की महिला दूसरे समूह में नहीं रह सकती है। जबकि सरस्वती स्वयं सहायता समूह में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का संचालन होता है इससे फर्जीवाड़ा होने का खतरा बढ़ गया है जांच होने तक इस समूह के बैंक खाता के संचालन पर रोक लगाया जाय। जांच कर कार्रवाई करने की कृपा करें। शिकायत कर्ता ने इस प्रार्थना पत्र को मुख्यमंत्री, मण्डलायुक्त जिलाधिकारी गोरखपुर उप जिलाधिकारी चौरी चौरा खंड विकास ब्रह्मपुर व शाखा प्रबंधक इन्डियन बैंक शाखा गजाईकोल को भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

# बिभागीय अधिकारियों की मिली–भगत से शौचालय के नाम पर करोड़ों रुपए का घोटाला

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : समाचार मिला है कि जनपद के एक ऐसा विकास खण्ड है ,जहां ग्राम पंचायतों के पूर्व प्रधानों द्वारा शासन से निर्गत किये गये शौचालय के लाखों रूपये को शौचालय के निर्माण में न लगा कर विभागीय अधिकारियों की मिली–भगत आपस में धन का बंदर–बांट कर लिया गया है। प्राप्त समाचारध से मिली खबरों के अनुसार जनपद के दुदही विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत –बैकुन्ठपुर,चौबेया पटखौली, मिश्रौली ,बीचपटवा,,तिवारी पट्टी, जंगल नौगावां, जंगल लालाछपरा, सरगटिया करनपट्टी, रकबादुलमा पट्टी,पृथ्वीपुर, दोघरा, सोरहवां(शाहपुर माफी,घ्बुन्देल गिरी),दुदही, जंगल शंकरपुर, गगलवा,गनेशापट्टी,मछरिहां दलजीत कुंवर,ब्रह्मपुर, आदि ग्राम पंचयतों में शौचालय का निर्माण न कराकर सारे धन का आपस में बंदर बांट कर लिया गया है जो क्षम्य नहीं है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जो शौचालय बना है वह आधे–अधूरा ही बना है। पैसा उठा लिया गया है। कितने लाभार्थियों को पता ही नहीं है कि हमारा सूची में नाम है।और न ही जिम्मेदारों द्वारा लाभार्थियों को बताया ही गया है। ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया गया कि जिम्मेदारों द्वारा एक ही शौचालय के नाम पर दो–दो बार लाभार्थियों का नाम लिखकर पैसा उठा लिया गया है। यही नहीं सूची में असली लाभार्थियों के नाम रहने के बावजूद भी उन्हें शौचालय न बनवाकर अपात्र के नाम के आगे उर्फ लगाकर फर्जीवाड़ा करके किसी अन्य अपात्र लोगों के नाम से शौचालय बनवाया गया है। जो निष्पक्ष जांच का विषय है। यदि सही तरीके से सम्पूर्ण मामलों की निष्पक्ष जांच–पड़ताल हो जाय तो कितने प्रधानों और बिभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को जेल जाना पड़ेगा।यह निश्चित है। कोई बच नही सकता है।विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा शौचालय,आवास की जांच–पड़ताल केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी० बी०सी०आई०डी०) भारत सरकार से पिछले बर्ष सन जनवरी २०१६ से लगायत ३० दिसम्बर सन २०२० पांच बर्षो तक सम्पूणघ अभिलेष के आधार पर जांच–पड़ताल कराकर दोषी घोटालेबाजों के खिलाफ बिधिक कार्यवाही किया जाय,ताकि पुनराबृत्ति न हो सके।

# कॉलेज लेवल मोबिलाइजेशन आफ स्टूडेंट्स निबंध प्रतियोगिता संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : फसल अवशेष प्रबंधन कॉलेज लेबल मोबिलाइजेशन आफ स्टूडेंट्स योजना के अंतर्गत आज दिनांक 22 दिसंबर 2021 को विकासखंड हरियावां के ग्रामोदय महाविद्यालय ,डिघिया, मोदीपुर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ।इस कार्यक्रम के इस अवसर पर ग्रामोदय महाविद्यालय के प्रबंधक श्री सुशील कुमार मिश्र द्वारा किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन का सन्देश गावों और पास के गावों तक पहुचाने की अपील की।इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री कौशल किशोर त्रिपाठी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन निबंध प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु उत्साह बढाया एवं भविष्य मे भी इस प्रकार के कार्यक्रम को कराते रहने पर जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र, हरदोई के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ डी बी सिंह ने आज के परिवेश में फसल अवशेष प्रबंधन को जरूरी बताया तथा बच्चों को भी फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी को गावों मे जन जन तक पहुचाने के लिये कहा तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता के बारे में भी विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को बताया। वैज्ञानिक डॉक्टर दीपक कुमार मिश्र ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाने की जरूरत है क्योंकि यह हमारे पर्यावरण एवं भूमि दोनो के लिये लाभदायक है। उन्होने डिकमपोसर के प्रयोग द्वारा फसल अवशेष से जैविक खाद बनाने की विधियों के बारे मे विस्तार से छात्रों को बताया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले



छात्रों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल , ब्रोंज मेडल साथ में प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यालय के अन्य शिक्षक गण मौजूद थे। कार्यक्रम में लगभग 250 से ज्यादा छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार रामांगी मिश्रा को , द्वितीय पुरस्कार कामिनी दीक्षित को तथा तृतीय पुरस्कार शिवानी सिंह को तथा सांत्वना पुरस्कार ओम मिश्र ,प्रतीक अवस्थी, निगारिश, गोल्डी और आशुतोष को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक श्री सुशील कुमार मिश्र ,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र वर्मा एवं इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्री कौशल किशोर त्रिपाठी, अभय शंकर मिश्र ,बनवारी लाल वर्मा राकेश कुमार मिश्र, आदित्य, अनमोल श्रीमती सोनी कुमारी, श्री अनुराग कुमारी, महिमा दीक्षित ,पिपरी ग्राम के प्रगतिशील कृषक रविकांत मिश्र एवं ग्राम नेवादा के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन बच्चों ने मचाया धमाल : जलेबी मेंढक व गुब्बारा फुलाओ प्रतियोगिता में भाग लेकर किया मनोरंजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस पर बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहां स्वास्थ्यवर्धन व मनोरंजन किया। वहीं सुलेख प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना सुंदर लेख का प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस पर विभिन्न प्रकार की आयोजित प्रतियोगिताओं में सुलेख प्रतियोगिता की प्राइमरी वर्ग की हिंदी सुलेख में दीपांशु वर्मा अव्वल रहे ,द्वितीय स्थान पर समृद्धि गौतम तथा तृतीय स्थान पर अनुष्का वर्मा रहे। इसी वर्ग में अंग्रेजी की सुलेख प्रतियोगिता में मीनाक्षी अपूर्व, आस्था क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सुलेख प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग की अंग्रेजी प्रतियोगिता में शुभी गुप्ता अव्वल रहीं, सिद्धि शुक्ला द्वितीय तथा प्रियांशी पाल तृतीय स्थान पर रहीं। बिंदी चिपकाओं प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब मनोरंजन किया जिसमें प्रज्ञा गुप्ता ने प्रथम स्थान पाया, टॉफी रेप में ईशानी राठौर को प्रथम स्थान मिला। गुब्बारे फुलाव प्रतियोगिता में काव्या अव्वल रहीं। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया इसमें कबीर खान प्रथम रहे, द्वितीय स्थान पर कृष्णा राज व तृतीय स्थान पर आशिका कुमारी रहे। मेंढक दौड़ में प्रथम स्थान पर मोहम्मद कमराम, द्वितीय स्थान पर सूर्यांश गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर आशुतोष गुप्ता रहे ।कलश सज्जा में रागिनी को प्रथम स्थान मिला। नींबू दौड़ प्रतियोगिता में कार्तिक गुप्ता



अव्वल रहे दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः आदित्य शर्मा तथा केशव विश्वकर्मा रहे। म्यूजिकल चेयर में विवान वर्मा को प्रथम स्थान मिला, दूसरे स्थान पर अल्फाज तथा तीसरे स्थान पर अभ्युदय प्रताप रहे। निर्णायक मंडल में दिव्या सिंह, मंशा बाजपाई ,नैंसी गुप्ता, कविता गुप्ता ,अर्पिता सिंह, सोनम शुक्ला ,अर्चना प्रजापति ,स्वाति अवस्थी ,आरती वर्मा, आरती मिश्रा , प्रभा तिवारी, नीलम राठौर ,नजरीन, रेखा रानी ,शशि बाला, पूजा सिंह रहीं। सभी प्रतियोगिताएं प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी के देखरेख में संपन्न हुईं। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रबंधक अखिलेश सिंह,उप प्रबंधक मुकेश सिंह, बीना गुप्ता ,विनीता शुक्ला, शीलू मिश्रा, राम प्रकाश पांडेय, देवेश प्रसाद सिंह, संजय गुप्ता ,अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे ।यहां उल्लेखनीय है कि मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहा है वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन प्रातः 9:30 बजे से चित्रकला , सामान्य ज्ञान , मेहंदी ,रंगोली आदि प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी।

# 23 दिसंबर से प्रस्तावित अनशन एवं आमरण अनशन के कार्यक्रम को स्थगित किया जाता हैः संदीप बडोला

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सम्मानित साथियों, आप अवगत ही हैं कि महानिदेशालय स्तर की मांगो के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 23 दिसंबर को संघ के पदाधिकारियों द्वारा महानिदेशालय के समक्ष अनशन एवं दिनांक 24 दिसंबर से मेरे द्वारा आमरण अनशन की घोषणा की गई थी, जिस के क्रम में महानिदेशालय द्वारा महानिदेशालय स्तर की प्रमुख मांग अधिकृत/ अनाधिकृत के संबंध में कल पत्र जारी कर दिया था एवं आज उस पत्र का संशोधन आदेश भी जारी कर दिया है। सर्जिकल स्टोर का चार्ज फार्मेसिस्ट एवं चीफ फार्मेसिस्ट को दिए जाने के संबंध में व भविष्य में किसी भी विवाद व अन्य संगठनों की दावेदारी का जड़ से निवारण करने हेतु एक कमेटी का गठन किए जाने की आज संघ के पदाधिकारियों के साथ महानिदेशक की वार्ता में सहमति बनी जिसकी बैठक दिनांक 27 दिसंबर को निर्धारित कर दी गई है, जिसमें एफ डी ए विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी के मात्र 30 पदों पर ही पदोन्नति की कार्यवाही किए जाने के प्रकरण में महानिदेशालय द्वारा अवगत कराया कि जनपदों से मात्र 30 प्रभारी अधिकारियों व 130 चीफ फार्मेसिस्टों के पदों के रिक्त पदों की सूचना महानिदेशालय को प्राप्त हुई है , जिस पर पुनः प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एवं चीफ फार्मेसिस्ट के रिक्त पदों की सूचना जनपदों से 3 दिन के अंदर मांगी गई है ।जनपदो से प्राप्त सूचना के आधार पर रिक्त पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही संपन्न कर दी जाएगी इस संबंध में मेरा जनपद के पदाधिकारियों से अनुरोध है की कृपया व्यक्तिगत रुचि लेकर जनपद के अधिकारियों से उक्त सूचना को कल ही महानिदेशालय को भिजवाने का कष्ट करें ।दिनांक 16 दिसंबर को शासन में संघ के साथ संपन्न हुई वार्ता का कार्य वृत्ति अपर मुख्य सचिव महोदय के अवकाश में चले जाने के कारण जारी नहीं हो पा रही है महानिदेशक महोदय द्वारा आश्वस्त किया गया कि अपर मुख्य सचिव महोदय के अवकाश से वापस आने के पश्चात वार्ता का कार्य वृत्ति जारी हो जाएगा। जनपद के पदाधिकारियों से विशेष रूप से अनुरोध है कि विशेष रूचि लेकर प्रभारी अधिकारी फार्मेसी एवं चीफ फार्मेसिस्ट के रिक्त पदों की सूचना कल ही अवश्य भिजवा दें एवं पदोन्नति हेतु जिन साथियों की ए सी आर आनी है, उनसे उनकी ए सी आर तत्काल डायरेक्टर पैरामेडिकल की मेल पर व विशेष पत्रवाहक के द्वारा हार्ड कॉपी के द्वारा भिजवाने का कष्ट करें जितनी जल्दी ए.सी.आर. महानिदेशालय में प्राप्त हो जाएगी तत्काल डीपीसी करा कर पदोन्नति की प्रक्रिया संपन्न करा दी जाएगी । जिसके लिए सभी जनपदों के पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रुप से प्रयास करना होगा। ओएसडी के लिए जिन पांच प्रभारी अधिकारी फार्मेसी की ए सी आर महानिदेशालय में आई है वह 5 वर्षों की है आज ही शासन से सूचना प्राप्त हुई है कि ओ एस डी के पदों पर पदोन्नति हेतु 10 वर्षों की ए सी आर की आवश्यकता है ।अतः पांचो प्रभारी अधिकारियों की 10 वर्षों की ए सी आर भी तत्काल भिजवाने का कष्ट करें। पांचों प्रभारी अधिकारी फार्मेसी के नाम निम्न है श्री ऋषि प्रकाश यादव मैनपुरी श्री वेद प्रकाश यादव मुजफ्फरनगर श्री अब्दुल कादिर संत कबीर नगर श्री दिनेश चंद्र श्रीवास्तव गोरखपुर श्री उमेश प्रताप सिंह बहराइच इन पांचों जनपदों के पदाधिकारियों से विशेष अनुरोध है कि इनकी 5 वर्ष के स्थान पर 10 वर्षों की ए सीआर कल ही महानिदेशालय को भिजवा दें जिससे कि वर्षों से विशेष कार्य अधिकारी फार्मेसी एवं संयुक्त निदेशक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया संपन्न हो जाए। विशेष कार्य अधिकारी फार्मेसी एवं संयुक्त निदेशक फार्मेसी के पदों पर हमारे साथियों की महानिदेशालय में नियुक्ति हो जाने पर निश्चित रूप से इस संगठन का गौरव बढ़ेगा वर्तमान में महानिदेशालय एवं शासन दबाव में है और इसके चलते यह महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो जाएगा कृपया व्यक्तिगत रुचि लेकर यह कार्य करें । साथियों उपरोक्त प्रक्रिया संपन्न हो जाने के बाद व महानिदेशालय द्वारा लिखित में अनुरोधपत्र देने के पश्चात प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा विचार के उपरांत लिए गए निर्णय के क्रम में दिनांक 23 दिसंबर से प्रस्तावित अनशन एवं आमरण अनशन के कार्यक्रम को स्थगित किया जाता है।

# अटल जयंती के उपलक्ष्य में आज होगा कवि सम्मेलन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश के यशस्वी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन दोपहर 12.00 बजे से डॉ राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह के संयोजन में किया जा रहा है। आयोजक भाजपा नेता मनीष सिंह ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि कैसरगंज के सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह होंगे। गोण्डा नगर के मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल सोसाइटी की ओर से पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे तक नगर के गरीब असहाय वर्ग में कंबल वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 12:00 बजे से आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ होगा। इस विराट कवि सम्मेलन में प्रदेश के नामचीन साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित कवियों में रामकिशोर (बाराबंकी), गजेंद्र प्रियांशी, प्रलयंकर (लखनऊ), नजर इलाहाबादी, कमलेश मौर्य मृदु, शशी श्रेया, हास्य – व्यंग के सशक्त हस्ताक्षर आशुतोष श्रीवास्तव (बहराइच), रामकरन मिश्र सैलानी (बरेली) एवं साहित्य – भूषण से सम्मानित शिवाकांत मिश्रा विद्रोही व सतीश आर्य एवं डॉ. संत शरण त्रिपाठी काव्य – पाठ करेंगे।

# भाजपा अवध प्रांत के चुनाव संगठन मंत्री हितानंद ने भाजपा कार्यालय पर की बैठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष सगठन ने आगामी विधानसभा चुनावों की दमदार तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा ने संगठन को चुनावी माहौल में मुस्तैद करते हुए आज विशेष जिम्मेदारियां सौंपी। पार्टी ने पूर्णकालिक हितानंद को अवध क्षेत्र का संघठन मंत्री चुनाव बनाया। पार्टी ने जिला चुनाव समिति बैठक, मोर्चा सम्मेलन और आगामी जनविश्वास यात्रा का दायित्व सौंपा है। आज हितानंद ने आगामी विधानसभा चुनाव और जनविश्वस यात्रा और रैली की तैयारी के सिलसिले में जिला कार्यालय पर की बैठक। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हितानंद ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। अवध क्षेत्र सगठन मंत्री चुनाव हितानंद ने बताया कि पार्टी और सरकार की जनता में मजबूत पकड़ बना रखी है, विपक्षी दलों का कोई नाम नहीं लेने वाला है। बच्चा बच्चा भाजपा की धुन में रमा है। धर्म से लेकर विकास को अक्षुण रखने का काम भाजपा ने किया है। बिना किसी भेदभाव के जनता के विकास की कल्याणकारी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया। आगामी जनविश्वास यात्रा में लोगो की जनभागीदारी हो ज्यादा से ज्यादा हो इसका सभी कार्यकर्ताओं को ध्यान रखना है। भाजपा सरकार पुनः स्थापित होगी इसका डंका जनता अभी से बजाने लगी है और पिछली बार से ज्यादा सीटें आने की उम्मीद है। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने संघठन मंत्री चुनाव अवध क्षेत्र हितानंद का स्वागत करते हुए कहा कि जिले में हितानंद के अनुभवों से आगामी चुनाव में बहुत मदद मिलेगी।




भाजपा की जनविश्वास यात्रा की सुगबुघाहट ने विपक्षी धड़ों में खलबली पैदा करदी है। इस यात्रा में जनता का भरपूर आशिर्वाद मिलनेवाला है जो विपक्ष की हवा निकालने का काम करेगी। भाजपा जिले की सभी सीटों पर भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित करने का काम करेगी जिसमे जनता का १०० प्रतिशत का श्रेय रहेगा। हरदोई के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी भारतीय जनता पार्टी ने, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर देखे तो संडीला औद्योगिक क्षेत्र में वैबले की हथियार बनाने वाली बहुत बड़ी इकाई स्थापित हुई, दशकों से लंबित सवायजपुर क्षेत्रवासियों की पुल की मांग को भाजपा सरकार ने पूरा किया। गंगा एक्सप्रेसवे को हरदोई से निकलने का काम, स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, डायलिसिस सेंटर स्थापना। जिले में सनातन धर्म की धरोहर पौराणिक धर्म स्थलों का जीर्णोद्धार ।बैठक में जिला पदाधिकारी गण जिला चुनाव संचालन समिति मोर्चा अध्यक्ष गण मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज पर नौकरी करने वाले शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पिपराइच थाना की पुलिस ने फर्जी दस्तावेज पर प्राथमिक विद्यालय बेला में शिक्षक की नौकरी करने वाले राम सागर चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पिपराइच थाना पुलिस आरोपित शिक्षक की तलाश में है, लेकिन फरार है। पिपराइच के पूर्व खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार वैश्य राम सागर चौधरी के अभिलेखों की जांच की थी। जांच में पता चला कि उसके दस्तावेज फर्जी हैं। इसे लेकर पहले ही राम सागर चौधरी की सेवा समाप्त कर दी गई थी। बाद में बीते 17 दिसंबर को पिपराइच के खंड शिक्षाधिकारी सुरेंद्र प्रताप की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस पिछले तीन दिनों से आरोपित की तलाश में है, लेकिन उसका पता नहीं चल सका है।

# 28 दिसंबर को हरदोई में गृहमंत्री अमित शाह की रैली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक ने जन विश्वास यात्रा और २८ दिसंबर को प्रस्तावित ग्रह मंत्री अमित शाह की रैली के संबंध में जिला जिला पधाधिकारी एव विधायकों और सांसदों के साथ की बैठक। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने करते हुए कहा कि पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन मिला रहा है। शाहजहांपुर में हुई प्रधानमंत्री मोदी की रैली ने विपक्ष के हवाई अरमानों को हवा में उड़ा दिया। हरदोई में होने वाली गृहमंत्री अमित शाह की रैली इस बात को आश्वस्त करेगी कि आगामी विधान सभा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से भी ज्यादा साइट निकाल कर दिखाएगी। बच्चो से लेकर वृद्धजनों तक निर्बाध रूप से सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है, जिससे सभी लाभान्वित हो रहे है। २०१६ में यही विपक्ष भाजपा के सफाए की बात कर रहा था, जबकि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में इन सभी बातों को निरर्थक सिद्ध किया और २०१४ से ज्यादा सीटों के साथ भाजपा ने केंद्र में सरकार बनाई। भाजपा जमीन पर उतरकर काम करने वाली पार्टी है। सगठन का बड़े से लेकर गांव के बूथ तक का कार्यकर्ता पार्टी के लिए अपना पसीना बहाता है। जनता के साथ सीधे संपर्क में रहता है। समाज की नब्ज को समझता है। विपक्ष नकारात्मक बाते फैलाकर अपना ही नुकसान कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य विधानपरिषद विजय बहादुर पाठक बैठक ने सांसदों विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों को आगामी अमित शाह की रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सुनिश्चित की। विजय बहादुर पाठक ने बैठक में बोलते हुए कहा उत्तर उत्तर प्रदेश में एक समय दंगे और माफियाराज की खबरों से पटा रहता था आज वही उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास की नई इबारत लिख रहा है। पूर्वांचल में रहस्यमई बुखार को जड़ से खत्म करने का काम भाजपा सरकार ने किया। मुख्यमंत्री योगी के दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति के आगे भू माफिया से लेकर अन्य अपराधी अपने आप जेलों में पहुंच गया। विकास की बात करे तो जिलों में मेडिकल कॉलेज, डिफेंस कॉरिडोर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, व्यापारियों, महिलाओं



को भयमुक्त वातावरण दिलाने का काम भाजपा सरकार ने किया। जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने जन विश्वास यात्रा के बारे में बताते हुए कहा यात्रा 28 दिसंबर को जनपद में आने के बाद 29 दिसंबर को उन्नाव जनपद प्रस्थान करने तक जनपद की सभी आठों विधानसभा में भ्रमण करेगी सभी विधानसभाओं में यात्रा के स्वागत सभा आदि की रचना बनाई जा चुकी है सभी बूथ से लेकर जिले के पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जा चुकी हैं सभी पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण दिए गए कार्यों को पूरी तन्मयता से निभाए। बैठक में प्रमुख रूप से सदर सांसद जयप्रकाश रावत विधायक रजनी तिवारी आशीष सिंह आशु रामपाल वर्मा श्याम प्रकाश पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री कर्मवीर सिंह चौहान यस पी मौर्या जी प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह श्रवण कनौजिया जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे बागीश सिंह अजय शुक्ला मीणा वर्मा जय देवी राजपूत नीतू चंद्रा संदीप अवस्थी कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आईटी प्रमुख सौरभ सिंह और सोशल मीडिया प्रमुख प्रदुम मिश्रा विशुन दयाल शुक्ला सुशील गुप्ता युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश सिंह पूर्व प्रमुख समीर सिंह पारुल दीक्षित विपिन सिंह गौर मौजूद रहे।

# खो खो में किया मनोरंजन तो चित्रकला में मतदाताओं को जागरूक करने का दिया संदेश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन विद्यालय के बच्चों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेकर जहां अपने बुद्धि कौशल का प्रदर्शन किया वहीं चित्रकला के माध्यम से लोगों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में लगभग एक सैकड़ा बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों ने अपनी बुद्धि कौशल का प्रदर्शन किया जूनियर वर्ग में शिवेंद्र कुमार वर्मा, वैश्णवी गुप्ता प्राइमरी वर्ग में वंशिका गुप्ता अव्वल रहे । जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान पर सौम्या गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर कली गुप्ता ,प्राइमरी वर्ग में द्वितीय स्थान पर प्रगति त्रिपाठी निहारिका सिंह व तृतीय स्थान पर जिज्ञासा सिंह रही। चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग आधा सैकड़ा बच्चों ने भाग लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया, जिसमें संचिता गुप्ता अव्वल रही, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः अंशू वर्मा व देवेंद्र कुमार रहे ।बालिकाओं की मेहंदी प्रतियोगिता में पारुल, प्रिया वर्मा, प्रज्ञा सिंह, प्रगति त्रिपाठी ,अदिति वर्मा ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी बनाने की कला में आर्यन वर्मा अव्वल रहे उन्होंने कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता के तहत अनुपयोगी सामग्री से डस्टबिन बनाकर लोगों को उसका उपयोग करने के लिए तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । इसके अलावा खो–खो प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब मनोरंजन किया इसमें विशाल राठौर की टीम विजेता बनी। सभी प्रतियोगिताएं विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी की देखरेख में संपन्न हुई । मंशा बाजपेई, बीना गुप्ता, नैंसी गुप्ता, प्रभा तिवारी, कविता गुप्ता, आरती वर्मा, दिव्या सिंह, रचना प्रजापति, नीलम राठौर,



पूजा सिंह ,भूमिका सिंह, विनीता शुक्ला, सोनम शुक्ला ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह, उप प्रबंधक मुकेश सिंह ,प्रिया सिंह, शशिबाला ,आरती मिश्रा ,रेखा रानी, शीलू मिश्रा ,सोनी तिवारी, अर्पिता सिंह ,राजेश कुमारी गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता ,राम प्रकाश पांडेय, देवेश प्रसाद सिंह ,संजय गुप्ता, शुभम सिंह, पूर्णिमा सिंह आदि मौजूद रहे ।कार्यक्रम की व्यवस्था में सुचारू रूप से स्काउट और गाइड प्रगति त्रिपाठी, अंशिका बघेल, कशिश वर्मा, रिया सिंह ,सिद्धि शुक्ला ,हर्ष गुप्ता प्रथम व द्वितीय, सचिन गुप्त ,उत्कर्ष वर्मा ,दीपक वर्मा रीतेश पाल लगे रहे ।गौरतलब है कि 24 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन पूर्वाहन 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें बच्चों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर संदेश दिया जाएगा।

# 30 मदरसों में होंगे स्मार्ट क्लास बनेंगे मॉडल : आधुनिक तकनीक से जोड़ने का काम शुरू

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में मदरसों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। पहले चरण में 30 मदरसों को मॉडल बनाया जाएगा। इनमें स्मार्ट क्लास, एस्ट्रोनोमी लैब, ई बुक्स आदि की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यह निर्णय मदरसा शिक्षा परिषद की बैठक में लिया गया। गौरतलब है कि मदरसों के शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए वर्ष 2017 में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू किया गया था। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है। अब मदरसों की शिक्षा को और आधुनिक बनाने की तैयारी है। प्रदेश में 558 अनुदानित और 7442 आधुनिक मदरसे हैं। रजिस्ट्रार मदरसा एसएन पांडेय के मुताबिक परिषद ने निर्देश दिया कि आधुनिकीकरण योजना के पहले चरण में 30 मदरसों को विकसित किया जाएगा। अगर प्रयोग सफल रहा तो सभी मदरसों में यह योजना लागू की जाएगी। परिषद ने यह भी निर्णय लिया



है कि प्राइमरी और जूनियर स्तर के मदरसों को पूर्ण रूप से अंग्रेजी माध्यम करने को ऐच्छिक रखा जाए। यानी मदरसों पर अंग्रेजी माध्यम की व्यवस्था लागू करने के लिए दबाव नहीं डाला जाएगा।

# आईटीआई मेले ने 296 युवाओं के रोजगार का पूरा किया सपना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों ने हुनर के अनुसार 296 बेरोजगारों का नौकरी के लिए चयन किया। मेले में 14 कंपनियों ने प्रतिभाग किया था। नौकरी मिलने से युवा उत्साहित हैं। राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव ने मेले में सभी अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में नौकरियां का अंबार लगा है लोगों को बढ़–चढ़ हिस्सा लेना चाहिए अब तक भाजपा सरकार ने 400000 लोगों को नौकरी दी है। जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन बुधवार को सिद्धीकपुर के आईटीआई परिसर में हुआ। मेले में नौकरी के लिए 552 युवक– युवतियों ने पंजीकरण कराया था। मेले में 296 युवक–युवतियों का चयन किया गया। मेले में नामी गिरामी कंपनी प्रतिभाग कर रही है। टाटा मोटर्स, व्हील इंडिया लिमिटेड, वैराक इंजियरिंग, स्नाइडर इंजियरिंग, मदरसन लिमिटेड इंडिया, हॉकिंस कुकर्स लिमिटेड, वरुण वेबरेज लिमिटेड, एच आई एल लिमिटेड, कलर कोम इंडिया लिमिटेड, बर्फी स्टील एलएलपी, यूएएल लिमिटेड, नितेश इंजियरिंग, मेक ऑर्गेनिक लिमिटेड इंडिया, एक्सचेंज एक्सवा लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर, शिव शक्ति बायोटेक, मगधा एग्रोटेक, जैसी नामी कम्पनी प्रतिभाग किया। जिला सेवा योजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न कंपनियों ने योग्यता के अनुसार युवक–युवतियों का इंटरव्यू लेकर चयन किया है। इसमें आईटीआई, पॉलीटेक्निक आदि की योग्यता धारक बेरोजगार शामिल हुए थे। इस मौके भगवत दयाल संयुक्त निदेशक वाराणसी, हर्ष प्रताप सिंह उपायुक्त ,पर राजकीय आईटीआई के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, सुनील कुशवाहा सभाजीत यादव अभय शर्मा सुनील कुमार आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी–खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी–खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न सम्बन्धित विभागों सहित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित किया गया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, वृद्धा आश्रम एवं विद्यालयों में तैयार किये जा रहे मध्याह्न भोजन एवं अन्य ऐसे सरकारी/गैर सरकारी संस्थान जहां पर



खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं उपभोग किया जा रहा है, का भी समय–समय पर निरीक्षण एवं नमूना सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही किया जाय। रेस्टोरेण्ट/होटल एवं हाईवे के किनारे स्थित ढ़ाबों में निर्मित खाद्य पदार्थों का निरीक्षण एवं नमूना सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही किया जाय। जिलाधिकारी ने जनपद में स्ट्रीट फूड हब के लिये वेण्डर जोन बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। मण्डी में संचालित सभी फल एवं सब्जी कारोबारियों का नियमानुसार खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण जारी कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं क्लीन एण्ड फ्रेश फ्रूट एण्ड वेजिटेबल मार्केट बनाने के लिये स्थान का चयन कर वेण्डर जोन विकसित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित किये जा रहे खाद्य पदार्थों यथा चना/दाल, रिफाइण्ड आयोडाईज्ड नमक, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल/सरसों तेल आदि का प्रत्येक माह वास्ते जांच नमूना संग्रहीत कराया जाय तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सभी कोटेदारों/गोदामों का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीकरण कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में अभिहित अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिलापूर्ति अधिकारी, मण्डी सचिव के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थिति रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा निराश्रित गोवंशों के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक किया। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि ठंड को देखते हुए गो–आश्रय स्थल में तिरपाल, बोरों की व्यवस्था कर ली जाए। ठंड से किसी गोवंश की मृत्यु हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारिओ को निर्देशित किया कि नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करें। रजिस्टर पर कितने पशु अंकित है और कितने मौके पर है, मिलान अवश्य करें। सभी को निर्देश दिया कि सभी गोशालाओं में रजिस्टर अवश्य रखें। जिलाधिकारी ने 10 गो–आश्रय स्थल जो बनकर तैयार हो गया है, उनको गतिशील कराने का निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिया। जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह को निर्देश दिया कि गो–आश्रय स्थल की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे इसके लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर. डी. यादव सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# आलू की फसल में पिछेता झुलसा रोग से बचाव हेतु सुझाव

जौनपुर सू.वि. : जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि आलू की फसल में अभी तक फफूॅदनाशी दवा का पर्णीय छिड़काव नहीं किया है या जिनकी आलू की फसल में अभी पिछेता झुलसा बिमारी प्रगट नहीं हुई है, उन सभी किसान भाइओं को यह सलाह दी जाती है कि मैन्कोजेब/प्रोपीनेब/क्लोरोथेलोंनील युक्त फफुॅदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 2.0–2.5 किग्रा0 दवा 1000 ली0 पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव तुरन्त करें, जिन खेतो में बीमारी प्रकट हो चुकी हो उनमें किसी भी फफूॅदनाशक – साइमोक्सेनिल प्लस मैन्कोजेब का 3.0 किग्रा0 प्रति हैक्टेयर (1000 लीटर पानी) दर से अथवा फिनोमिडोन प्लस मैन्कोज 3.0 किग्रा0 प्रति हे0 (1000 ली0 पानी) की दर से अथवा डाईमेथोमार्फ 1.0 किग्रा0 प्लस मेन्कोजेब 2.0 किग्रा0 (कुल मिश्रण 3 किग्रा0) प्रति हेक्टयर (1000 ली0 पानी) की दर से छिड़काव करें। फफूॅदनाशक को 10 दिन के अन्तराल पर दोहराया जा सकता है, लेकिन बीमारी की तीव्रता के आधार पर इस अन्तराल को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। किसान भाइयो को इस बात का भी ध्यान रखना है कि एक ही फफूॅदनाशक का छिड़काव बार–बार न करें।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय कुड़वार का किया गया औचक निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स ने बुधवार को संयुक्त रूप से कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, विकास खण्ड कुड़वार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। विद्यालय के क्लासरूम, कैम्पस, छात्रावासों की साफ–सफाई सही पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा पठन–पाठन, गणतीय ज्ञान, लेखन, वाचन, फर्नीचर, साफ–सफाई, शौंचालय व रसोई घर आदि के बारे में जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान बच्चों के बीज गणितीय ज्ञान को स्वयं ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न कर जॉचा–परखा गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से पूंछे गये प्रश्नों के सही जवाब मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सम्बन्धित शिक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि गणित व विज्ञान से सम्बन्धित पठन–पाठन पर जोर दिया जाय। कस्तूरबा गाँधी आवासीय




विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कमरों की फर्श पर टाइल्स न होने की वजह से साफ–सफाई में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को टाइल्स लगाना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के पठन–पाठन, खान–पान, शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाना चाहिये। यह सभी बच्चे पढने में रूचि रखने वाले हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जन समस्याओं के निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक हुई आयोजित

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार की सायं कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जन समस्याओं के निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक/आईजीआरएस के लंबित सन्दर्भों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें आईजीआरएस से सम्बन्धित डिफाल्टर सन्दर्भ पर जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त सन्दर्भों का ससमय निस्तारण कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर तत्काल डिफाल्टर सन्दर्भों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभागवार लंबित/डिफाल्टर शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल लंबित शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करे और तत्संबंधी रिपोर्ट आइजीआरएस सेल को उपलब्ध कराएं। इसमें किसी भी



स्तर पर लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, समस्त उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी अंजुम कहकशॉ, जिला विकास अधिकारी डा० डी०आर० विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, जिला पंचायत राज अधिकारी आर0के0 भारती, जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र कुमार, सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्री करणी सिक्योरिटी सर्विसेज के डायरेक्टर राजीव सिंह ने दी देश की उपासना को शुभकामना

आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री करणी सिक्योरिटी सर्विसेज के डायरेक्टर राजीव सिंह से देश की उपासना समाचार पत्र के जिला संवाददाता आर एल पाण्डेय ने भेंट की उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए हिंदी दैनिक समाचार पत्र देश की उपासना नूतन वर्ष 2022 के शुभ अवसर पर शुभकामना संदेश प्रकाशित कर रहा है। इसके लिए देश की उपासना समाचार पत्र को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं तथा कहा कि हिंदी दैनिक ,साप्ताहिक एवं मासिक समाचार पत्र के रूप में नियमित प्रकाशित हो रहा है यह गर्व की बात है एवं समाचार पत्र की वेबसाइट ,ऐप तथा पोर्टल के साथ ई–पेपर भी उपलब्ध है। अवध क्षेत्र की खबरें डीकेयू लाइव चौनल पर भी खबरें दिखाई जाती हैं तथा समाचार पत्र में भारतीय संस्कृति की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की जाती हैं। इसके लिए संपादक महोदय को



बहुत–बहुत धन्यवाद।

# नारी शक्ति मिशन पर रंगारंग कार्यक्रम से नन्हें मुन्नों ने मोहा मन : कम्पोजिट स्कूल हारीपुर नवीन में हुआ आयोजन

आर एल पाण्डेय गोण्डा। शिक्षा क्षेत्र झंझरी के कम्पोजिट स्कूल हारीपुर नवीन में गुरुवार को नारी सशक्तिकरण पर शिक्षिका व साहित्यकार डा. उमा सिंह के संयोजन व निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों के सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत से हुआ। छात्राओं ने डा उमा सिंह लिखित बेटी बचाओ पर संगीतबद्ध लघु नाटिका एवं बेटी है तो कल है शीर्षक से लोकनृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महक शगुन नमस्ते आकाश व अम्बुज ने नारी के लिए घर बाहर शासन प्रशासन व महिलाओं के सामाजिक योगदान पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, प्रभारी




बीएसए आर पी सिंह व पूर्व प्राचार्य डा शेर बहादुर सिंह ने छात्रों की प्रस्तुति पर प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# किसान दिवसः पहले यूपी में आत्महत्या को मजबूर थे अन्नदाता –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों को सम्मानित किया और कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में किसान आत्महत्या को मजबूर था लेकिन अब अन्नदाताओं को उनकी फसल का दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मिलकर काम करते हैं तो नतीजे शानदार आते हैं। 2017 से पहले यूपी में किसान आत्महत्या के लिए मजबूर थे। पिछली सरकार में किसान शोषण के शिकार थे। 2017 से पहले क्रय की कोई नीति नहीं थी। हमने सीधे किसानों से खरीद शुरू की। इससे किसानों को लाभ हुआ। किसानों को




उनकी फसल का वाजिब दाम मिला। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें यादकर नमन किया। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि कर्मठ एवं जुझारू जननेता, किसानों के कल्याण व उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान किसान नेता, देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। प्रदेशवासियों तथा अन्नदाताओं को 'किसान दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

# भाजपा ने धारा 370 समाप्त कर भारत माता के माथे पर किया तिलक लगाने का काम

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)भारतीय जनता पार्टी की जन विश्वास यात्रा इनायत नगर बाजार पहुंची जहां पर यात्रा का मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा के संयोजन में भव्य स्वागत हुआ। स्वागत के उपरांत प्रदेश सरकार के कबीना मंत्री बृजेश पाठक व मुकुट बिहारी वर्मा ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। विधायक गोरखनाथ बाबा ने अतिथियों का स्वागत व जनसभा में आये कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। जन विश्वास यात्रा के दौरान इनायत नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने धारा 370 को समाप्त कर ने भारत माता के माथे पर तिलक लगाने का काम किया है जनता को तय करना है कि भारत माता का मस्तक ऊंचा चाहिए या गुंडों की सरकार? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है भाजपा ने अयोध्या को विश्व पटल पर छा गया है। विपक्षी सरकारों ने कहा था कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता।

# विकास में उपयोगी सिद्ध हो रहा उड़ान कार्यक्रम

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए उड़ान कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध हो रहा है।उक्त विचार नगर निगम अयोध्या की ओर से यूनिसेफ जिला नगरीय विकास अभिकरण समाज कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सहादतगंज तोगपुर काली मंदिर के पास उड़ान कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में महापौर नगर निगम ऋषिकेश उपाध्याय ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मलिन बस्तियों में स्वरोजगार ,स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं, शत प्रतिशत टीकाकरण विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध हो इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के सहयोग से रचनात्मक अभियान संचालित कर रही है। आपकी सरकार आपके द्वार यह अभियान भाजपा सरकार का है। योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचे उसके लिए यह एक अभिनव प्रयास है जिससे समाज के हर वर्ग में जागरूकता पैदा हो । योजनाओं की जानकारी प्राप्त करके योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें । इसके लिए कार्यशाला के माध्यम से जन चेतना पैदा की जा रही है । महिलाएं आत्मनिर्भर और जागरूक होकर परिवार का कुशल संचालन करने में सक्षम और प्रभावशाली बनेंगे। कार्यशाला में नगर निगम अयोध्या नगर आयुक्त विशाल सिंह ने जन सामान्य का आवाहन करते हुए कहा कि उड़ान कार्यक्रम में अधिक से अधिक तादाद में जनभागीदारी विशेष रुप से महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। जिससे बच्चों के पालन पोषण परिवार के कुशल संचालन और आत्मनिर्भर परिवार हो इसके लिए महिलाओं में चेतना पैदा करना बेहद जरूरी है । सरकार का हर प्रयास है आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें । उड़ान कार्यशाला में एक शिशु को महापौर ने अन्नप्राशन कराया और एक गर्भवती महिला को उचित पोषण के लिए फलों की टोकरी भेंट की। इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से सफाई कर्मचारियों को महापौर ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और आवाहन किया कि सफाई मित्र पूरे मनोयोग से शहर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें । कार्यशाला में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ,महेश चंद आजाद ,महाप्रबंधक जलकल अनूप कुमार सिंह ,अधिशासी अभियंता जलकल अमित कुमार सिंह ,जिला समाज कल्याण अधिकारी जय सिंह, प्रतिनिधि यूनिसेफ लखनऊ,जनसंपर्क अधिकारी रामकिशोर यादव , विज्ञान फाउंडेशन से अमित सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व जन सामान्य मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सिंह अपर नगर आयुक्त ने किया।

# दलित छात्रा से छेड़छाड़ : विरोध करने पर पीटा रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी भदरसा क्षेत्र के पश्चिमी इलाके के एक गांव के निकट बुधवार सायंकाल स्कूल से घर लौट रही हाई स्कूल की दलित छात्रा के साथ छेड़छाड़ की गई।इसकी विरोध करने पर मनचले युवक ने पिटाई भी की। पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।पता चला है कि भदरसा पुलिस चौकी क्षेत्र के पश्चिमी इलाके के एक गांव की दलित छात्रा भदरसा के निकट विद्यालय में पढ़ने को आयी थी। बुधवार सायंकाल करीब 4 बजे जब वह साइकिल से अपने घर वापस जा रही थी तो रास्ते में ही युवक ने साइकिल सवार छात्रा के साथ छेड़छाड़ किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी कर दी। पीड़ित छात्रा रोते घर पहुंची और दास्तान परिजनों को बताया। पिता की तहरीर पर पूराकलंदर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दिया है।इस मामले में पूरा कलंदर प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की तहरीर मिली है आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ व छात्रा को मारने की धमकी सहित दलित उत्पीडन की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# दून एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर युवक की मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)बुधवार दोपहर बाद एक युवक ने रेल की पटरी पर लेटकर हावड़ा से योग नगरी ऋषिकेश जा रही अप दून एक्सप्रेस से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना गोसाईगंज–कटेहरी रेलवे स्टेशन के बीच बैरियर गेट संख्या 90सी पर तैनात गेटमैन महेन्द्र यादव ने गोसाईगंज स्टेशन अधीक्षक महेन्द्र नाथ मिश्र सहित कंट्रोलर को जैसे दी,वैसे ही महकमे मे हलचल मच गयी।एसएस एम एन मिश्रा ने बताया कि इस दौरान रेल ट्रैक पर लाश पडी होने के कारण मालदा टाउन से दिल्ली जा रही(03483) अप फरक्का एक्सप्रेस कटेहरी रेलवे स्टेशन पर तथा फिरोजपुर से धनबाद जा रही डाउन (03308)किसान एक्सप्रेस गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर काफी देर तक खड़ी रही।अकबरपुर मे तैनात आरपीएफ/जीआरपी के साथ घटनास्थल पर पहुंची अहिरौली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर रेललाइन से शव को जब हटाया तो रेल ट्रैक खाली होने के बाद दोनों गाड़ियां अपने गंतव्य को रवाना हुई। अकबरपुर आरपीएफ पोस्ट पर तैनात एसआई गजेंद्र सिंह ने दूरभाष पर बताया कि अप दून एक्सप्रेस से कटने के बाद मृतक का शरीर दो हिस्सों में बट गया था।मृतक के दाढ़ी था एवं सफेद शर्ट व काली जैकेट तथा मैंले कुचौले पैंट पहने हुआ था।क्षत–विक्षत अवस्था में मिली लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है।फिलहाल अहिरौली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अयोध्या महोत्सव आज से शुरु : तैयारी हुई पूरी

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)11वां अयोध्या महोत्सव 23 दिसंबर से क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस में शुरू हो रहा है।यह जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि तैयारी पूरी हो गई है कहा कि इस बार अयोध्या महा उत्सव में 23 दिसंबर को भव्य दुरदुरिया का आयोजन होगा इसमें 5000 मात्र शक्तियां प्रतिभाग करेंगी।इसके बाद अमृत महोत्सव प्रदर्शनी स्थल का उद्घाटन होगा शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा दुरदुरिया पूजन के संयोजक अरुण द्विवेदी ने बताया कि मात्र शक्तियों में दुरदुरिया पूजन के लिए उत्साह है इसके अंतर्गत प्रतिदिन कलात्मक व सांस्कृतिक आयोजन होगा यहां पारंपरिक तरीके कला गांव बनाया गया है जिसमें पहाड़ को उठाते हुए हनुमान जी की प्रतिमा आकर्षक का केंद्र है कलाकृति व क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन होगा महोत्सव का समापन 6 जनवरी को होगा उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष महोत्सव में युवाओं और बच्चों की अच्छी खासी भागीदारी रहती है उन्हें इसका इंतजार रहता है कोविड–19 की तैयारी आयोजक कर रहे हैं बुधवार को महा उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक हुई थी जिसमें मुख्य रुप से प्रबंधक इंजीनियर रवि तिवारी अरुण तिवारी द्विवेदी रेणुका रंजन चंद्रशेखर तिवारी महासचिव आकाश अग्रवाल सचिव नाहिद मुख्य प्रभारी राजेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष विजय यादव तथा कार्यक्रम प्रभारी विवेक पांडे एसपी सागर ब्रिज मोहन तिवारी श्रद्धा तिवारी मोहित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शासन द्वारा प्रस्तावित सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैतिकला में लगा चौपाल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) शासन द्वारा प्रस्तावित सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत आज विकासखंड बीकापुर की ग्राम पंचायत बैतिकला में चौपाल लगाकर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जन समस्याएं सुनी गई।इस मौके पर उप जिलाधिकारी बीकापुर अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी बीकापुर नंदिनी साह की उपस्थिति में सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के तहद विकासखंड बीकापुर की ग्राम पंचायत बैतिकला में ग्राम सचिवालय पर आज 2:00 बजे अपरान्ह से चौपाल लगाई गई । चौपाल में तहसील स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उपस्थित जनसमूह की जन समस्याएं सुनी गई। इस चौपाल में गांव की नयका देवी, बेताली देवी, रामतेज, अवधेश पांडे, सतीश चंद्र, सहित दर्जनों ग्राम वासियों ने अपनी समस्याएं रखी जिसका तत्काल निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। चौपाल में मुख्य रूप से आवास, शौचालय, नाली खड़ंजा, संपर्क मार्ग, गांव का परिक्रमा मार्ग, विद्युत से संबंधित समस्याएं मुख्य रूप से उपस्थित लोगों द्वारा बताई गई। विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी अधिकारी चौपाल में उपस्थित नहीं रहा।इस कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी अवधेश प्रताप सिंह ने किया। चौपाल में मुख्य रूप से सीडीपीओ बीकापुर राजेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, अजय तिवारी,अवनीश शुक्ला, उषा रानी शर्मा, अजय कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश कुमार, शुभम शुक्ला, अंजू वर्मा , ग्राम प्रधान अनिल सिंह सहित ग्रामसभा वासी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बाल स्वास्थ्य पोषण माह दिसम्बर 2021 का बच्चों को''विटामिन–ए'' की खुराक पिलाकर किया शुभारम्भ

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बाल स्वास्थ्य पोषण माह दिसम्बर 2021 का नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेतिया में बच्चों को ''विटामिन–ए'' की खुराक पिलाकर शुभारम्भ किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभियान 22 दिसम्बर 2021 से 19 जनवरी 2022 तक सम्पूर्ण जनपद में संचालित किया जायेगा। अभियान के अन्तर्गत जनपद में 9 माह से 5 वर्ष तक के कुल 318082 अनुमानित बच्चों को नियमित टीकाकरण सत्र पर विटामिन ए का सोल्यूशन पिलाया जायेगा और अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अति कुपोषित बच्चों का संदर्भन भी किया जायेगा।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि बच्चों को निर्धारित समय पर टीकाकरणध्बैक्सीनेशन किया जाय तथा उन्हें विटामिन ए की खुराक समय पर पिलाया जाय। इसी के साथ ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि गर्भवती महिलाओं की सही समय पर पहचान कर उन्हें ससमय महिलाओं की देखभाल पंजिका (एन्टी नैटल रजिस्टर) पर दर्ज किया जाय तथा इन सभी गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड, बैक्सीनेशन, हीमोग्लोबिन आदि जांचो को समय से सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म उपरांत जच्चा और बच्चा दोनों को निर्धारित समय पर ही समस्त टीकों को दिया जायें। इससे बच्चें सुपोषित बच्चें होंगे। उन्होंने कहा कि यदि गर्भवती महिला का 9 माह तथा जन्म के उपरांत बच्चें का 2 वर्षो तक बेहतर देखभाल हो तो बच्चें सुपोषित होंगे और हमारा समाज और उनके प्रति योगदान सफल होता है। उन्होंने ए0एन0एम0, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को जच्चा और बच्चा का 1000 दिनों तक बेहतर ढंग से देखभाल करने को कहा।इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेतिया का निरीक्षण भी किया तथा कोविड बैक्सीनेशन के साथ ही आर0आई0 का संचालन बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ए0एन0सी0 (एंटी नैटल रजिस्टर) तथा मातृ वन्दना योजना के लाभार्थियों के रजिस्टर को भी चेक किया। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं की समय से पहचान कर ससमय ए0एन0सी0 पर दर्ज करने, जननी सुरक्षा योजना के शत प्रतिशत लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त ए0एन0एम0 व आशा आदि को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की गहन जानकारी रखने तथा लाभार्थियों को समय से लाभान्वित करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर0के0 सक्सेना, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ आर0के0 देव, डी0पी0एम राम प्रकाश पटेल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 दुष्यंत सिंह व डब्लूएचओ के एस0एम0ओ0 डा0 नीरज सिंह, डी0सी0पी0एम0 आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन समाज पार्टी की महापंचायत में विधानसभा चुनाव 2022 की जीत पर बनी रणनीति

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्म नगरी अयोध्या के बंसीधर धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन समाज पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी की पंचायत बंशीधर धर्मशाला नया घाट अयोध्या में आहूत की गई।जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष लाल सिंह व संचालन प्रदेश संगठन मंत्री आशुतोष आनंद त्रिपाठी ने की।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय अध्यक्ष दादा पारसनाथ वर्मा ने पंचायत में भाग लिया। मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रमुख सचिव अरविंद सिंह भी मौजूद रहे पंचायत में भारतीय किसान यूनियन समाज पार्टी की आगामी आने वाले विधानसभाओं के चुनाव व पार्टी की रणनीति पर विचार किया गया मुख्य अतिथि दादा पारसनाथ वर्मा जी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय किसान यूनियन समाज पार्टी सभी 80 विधानसभाओं पर चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है जो आने वाले विधानसभाओं में भारतीय किसान यूनियन के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत कर अपने अपने क्षेत्रों में जनता के अधूरे कार्यो को कराने में सहायक सिद्ध होंगे प्रदेश संगठन मंत्री आशुतोषानंद त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि किसान वह है जो भारतीय जनता अन्य को ग्रहण करते हैं वही किसान होते किसानों की कोई जाति नहीं होती और संत व्यक्ति के स्वास वह आशीर्वाद की भूमिका निभाते पंचायत के अंत में सभी जिले से आए हुए पदाधिकारियों ने संबोधित किया।जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव अशोक सिंह प्रदेश सचिव केशव राम चौधरी ने संबोधित किया।वही जिले से पदाधिकारियों में महेंद्र कुमार वर्मा जिला सचिव बलरामपुर देव पांडे जिला बलरामपुर जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा गोंडा कोषाध्यक्ष दिलीप यादव राकेश यादव तहसील अध्यक्ष सहजनवा राममूर्ति सिंह गोरखपुर विनोद सिंह फौजी जिला अध्यक्ष गोरखपुर राम किशन सिंह गोरखपुर जिला अध्यक्ष रामाशंकर यादव प्रधान जिला अध्यक्ष अयोध्या महानगर अध्यक्ष विजेंद्र श्रीवास्तव ओंकार नाथ पांडे कामेश्वर तिवारी अयोध्या से पंचायत में आदि प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# का सु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) का सु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्राचार्य डॉ अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं डॉ पूनम जोशी अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग एवं डॉ आशीष प्रताप सिंह सचिव क्रीडा परिषद डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संयुक्त निर्देशन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। डाअमूल्य कुमार सिंह अध्यक्ष क्रीडा परिषद ने बताया कि 10000 मीटर दौड़ में हरिओम आरआरपीजी कॉलेज अमेठी ने प्रथम रवि चौधरी देव इंद्रावती महाविद्यालय अंबेडकर नगर ने दित्तीय एवं शिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया लंबी कूद में देव इंद्रावती महाविद्यालय के धर्म देव ने प्रथम धर्मा देवी महाविद्यालय के रहबर खान ने दित्तीय एवं देव इंद्रावती महाविद्यालय के विपिन यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप पुरुष में अभिजीत सिंह डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने प्रथम आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के आदर्श ने द्वितीय एवं साकेत महाविद्यालय के शोएब ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाट पट में परवीन एन एन पी जी कॉलेज ने प्रथम आकाश दुबे ने द्वितीय एवं देव इंद्रावती महाविद्यालय के रवि यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में राम नेवाज पीजी कॉलेज के रिशम नेहरा ने प्रथम देव इंद्रावती महाविद्यालय के सूरज कुमार एवं सुजीत कुमार ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिकसक थो मे एन एन पी जी कॉलेज के आकाश दुबे ने प्रथम दीपेश कुमार ने दित्तीय एवं के एन आई सुल्तानपुर के जयभद्र सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ट्रिपल जंप महिला में के एन आई सुल्तानपुर की रूबी ने प्रथम देव इंद्रावती की सीनू कुमारी ने द्वितीय एवं आरआरपीजी कॉलेज की रिया गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों डॉक्टर अयूब सिद्दीकी डॉक्टर दुष्यंत प्रताप डॉक्टर मनोज वर्मा डॉक्टर कपिल राणा एवं ऑफिशियल शिव करण सिंह आकाश सिंह राजेंद्र प्रताप सिंह महेंद्र सिंह अरविंद यादव सरवरे आलम अभय कुमार सिंह मोहनी पांडे सुनीता वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ मिर्जा शहाब शाह ने बताया कि इस तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन समारोह 23 दिसंबर को अपराह्न 2:00 बजे से आयोजित होगा।

# अध्यापक पद पर की गई नियुक्ति रद्द : डीआईओएस ने जांच एवं सुनवाई के बाद पारित किया आदेश

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)कोतवाली नगर के रीडगंज स्थित फार्व्स इंटर कॉलेज में अवैध रूप से व्यक्ति विशेष को लाभान्वित किए जाने की नियत से षड्यंत्र करते हुए प्रबंधक द्वारा अपनी ही पुत्री को नियुक्त किए जाने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या राकेश कुमार ने सुनवाई के बाद सहायक अध्यापिका श्रीमती आफरीन फात्मा की नियुक्ति को अवैध मानते हुए निरस्त कर दिया है। अल्पसंख्यक संस्था द्वारा संचालित फार्व्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक सैयद निजाम अशरफ द्वारा अपनी पुत्री श्रीमती आफरीन फातिमा की नियुक्ति की गई थी जिसकी लाल बाग निवासी इकबाल खान ने शासन स्तर पर शिकायत किया था जिसकी कई अधिकारियों ने जांच किया और शिकायत के परीक्षण उपरांत शासन को सहायक अध्यापक के पद नियुक्ति को अवैध मानते हुए आख्या भी प्रेषित किया ।प्रशासनिक स्तर पर की गई जांच से असहमति जताते हुए आफरीन फात्मा उच्च न्यायालय लखनऊ में एक रिट भी दायर किया था। उच्च न्यायालय लखनऊ द्वारा प्रकरण में 15 दिनों के अंदर सुनवाई कर फाइनल निर्णय करने का आदेश पारित



किया गया था।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा संस्था के प्रधानाचार्य, शिकायतकर्ता इकबाल खान व आफरीन फात्मा के द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रपत्रों एवं कार्यालय में उपलब्ध पत्रावली का गहन परीक्षण किया तथा इकबाल खान की शिकायत को सही मानते हुए 18 दिसंबर को सहायक अध्यापिका आफरीन फात्मा जो वर्तमान में प्रवक्ता के पद पर कार्य कर रही थी की नियुक्त को निरस्त कर दिया।

# कार व ट्रैक्टर की टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत : एक की हालत गम्भीर

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले के रूदौली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई व एक की हालत गम्भीर बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक रूदौली कोतवाली की भेलसर चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव मिल से गन्ना क्रय कर वापस आ रहे ट्रेक्टर ट्राली में रात लगभग सवा दस बजे ग्राम कूढा सादात गांव के पास लखनऊ की ओर से आ रही कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेक्टर दो टुकड़ों में टूट कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर बिखर गया जिसमें ट्रेक्टर चालक सहित दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों ने घटना की सूचना भेलसर चौकी पुलिस को दी।दुर्घटना की सूचना मिलते ही भेलसर चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार उपाध्याय अपने हमराहियों अशोक यादव,ताहिर खान,अक्षय कुमार व अंशु तिवारी के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर गम्भीर रूप से घायल दोनों लोगों को एनएच की एम्बुलेंस से सीधे जिला अस्पताल अयोध्या भेज दिया।इलाज के दौरान ट्रेक्टर चालक की मौत हो गई और दूसरे घायल का इलाज चल रहा है।दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटवाकर किनारे कराया गया।इस समबन्ध में भेलसर चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि सोमवार की रात लगभग सवा दस बजे ग्राम सभा नकछेदपुर निवासी पिंटू वर्मा पुत्र रामनाथ वर्मा रौजागांव चीनी मिल से गन्ना क्रय करके वापस आ रहा था वह जैसे ही ग्राम सभा कूढा सादात गांव के पास पहुंचा तभी लखनऊ की ओर से आ रही कार संख्या डीएल 7 सी जी 2538 की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें ट्रेक्टर चालक पिंटू वर्मा व वसीक पुत्र जमील हलीमनगर गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एनएच की एम्बुलेंस से जिला अस्पताल अयोध्या भेजा गया जहां पिंटू वर्मा की मौत हो गई और वसीक का इलाज चल रहा है।चौकी प्रभारी ने बताया कि कार सवार शिवम सिन्हा पुत्र प्रदीप प्रताप सिन्हा,प्रदीप प्रताप सिन्हा पुत्र कौर कृष्ण सिन्हा व अनुपा प्रिया और बन्दना सहित चार लोग सवार थे जो दिल्ली से भागलपुर जा रहे थे सभी लोग सुरक्षित हैं इन लोगों को मामूली चोटें आई है कार को चौकी में खड़ी करा लिया गया है।

# पन्द्रह हजार रूपये का इनामिया अपराधी अवैध तमन्चा के साथ गिरफ्तार

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय के आदेश के क्रम में अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु अपर पुलिस ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सर्किल सदर के निकट प्रवेक्षण में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिनेश कुमार सिंह थानाध्यक्ष महराजगंज के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।सूत्र के मुताबिक मुखबिर की सूचना के आधार पर धारा 420/467/468/471 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त राहुल यादव पुत्र राम भवन निवासी ग्राम मोहर्रमपुर अरती थाना महराजगंज जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा रू 15000/– का इनाम घोषित किया गया था को एक अवैध देशी तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस के साथ ऐमी घाट तिराहा के पास से गिर0 किया गया। जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 409/2021 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# रामनगरी अयोध्या पहुंचकर बिहार के श्रम मंत्री ने की सीएम योगी की तारीफ

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)राम नगरी अयोध्या पहुंचकर बिहार के श्रम मंत्री जीवेश कुमार ने सीएम योगी की जमकर तारीफ किया तो अखिलेश यादव पर निशाना साधा।इस मौके पर श्रममंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि अखिलेश यादव पिछले चुनाव में भी गठबंधन के साथ मैदान में थे। पिछले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश की जनता ने सीएम योगी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्य को देखा है।उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है। उत्तर प्रदेश देश के एक शांति प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। सपा और बसपा के शासनकाल में प्रदेश में अराजकता का माहौल था। बसपा की मायावती ने तो नारा देकर आई थी कि सपा के गुंडों को हटाना है और जब मायावती सत्ता में आई तो हाथी वाले विनाशकारी भूमिका में आ गए।उन सबको किनारे करके जनता ने भाजपा को चुना है। जनता को योगी बाबा पर भरोसा है। योगी बाबा ने 5 सालों में जिस तरह से सर्वांगीण प्रदेश का विकास किया है उस पर उत्तर प्रदेश की जनता मन से बाबा के समर्थन में है। प्रदेश की जनता ने एक बार फिर प्रदेश में कमल खिलाने का मन बना लिया है। उत्तर प्रदेश को केवल विकास चाहिए।अब प्रदेश में किसी भी तरह का विनाश नहीं चाहिए।जनता अब सपा या बसपा को प्रदेश की कमान सौंपने के मूड में नहीं है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।